# गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान दिखाने की जगदीशपुर में कैबिनेट


## बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जगदीशपुर का गौरवशाली इतिहास रहा है. जगदीशपुर लंबे संघर्ष, समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का साक्षी रहा है. जगदीशपुर, गोंड राजवंश के साथ ही सिंधिया और राजपूत शासन काल की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है. यहां के गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान के प्रकटीकरण के लिए कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई. यह बैठक समानता और न्याय की भावना को समर्पित है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के पास स्थित जगदीशपुर में कैबिनेट की बैठक से पहले, मंत्रियों को संबोधित करते हुए यह बात कही. बैठक में उपस्थित सभी मंत्रियों का मंत्री विश्वास सारंग तथा राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने गोंड पेंटिंग भेंट कर अभिवादन किया. मुख्यमंत्री 10 करोड़ रुपए की लागत से नवसंवर्धित जगदीशपुर किले का लोकार्पण किया. जगदीशपुर दुर्ग के गौरवशाली इतिहास और राज्य शासन द्वारा दुर्ग के संरक्षण को समर्पित फिल्म का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया गया.

सीएने कहा कि कैबिनेट की विशेष बैठकें शौर्य-सुशासन-लोककल्याण और सेवा क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले प्रदेश के महान व्यक्तित्वों से जुड़े स्थानों पर आयोजित की गई हैं. इस कड़ी में पहली डेस्टिनेशन बैठक जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य को समर्पित रही. मुख्यमंत्री ने स्लीमनाबाद वाटर टनल के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी.



### कम बारिश पर जताई चिंता

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अब तक कम बारिश पर चिंता भी जाहिर की. उन्होंने कहा कि प्रदेश में कम वर्षा की स्थिति बनी हुई है.अब तक इंदौर, बुरहानपुर, नीमच, देवास, आगर-मालवा, भिंड, सीहोर और हरदा में सामान्य से अधिक वर्षा हुई. अब तक प्रदेश के 23 जिलों में सामान्य से कम और 23 जिलों में सामान्य वर्षा हुई है. अलीराजपुर अति अल्प वर्षा से प्रभावित हैं.

### किसानों को फसल बीमा के 1460 करोड़ 25 लाख रु.मिले

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश के 10 लाख 54 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक से 1460 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि अंतरित की. यह प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 के फसल बीमा की दावा राशि है. मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने जगदीशपुर में मंत्री कैबिनेट की बैठक के तुरंत बाद किसानों को यह राशि जारी की. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ है. इस बार अल-नीनो प्रभाव के कारण अच्छे मानसून का अनुमान नहीं है. ऐसी स्थिति में किसान अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा, निर्धारित तिथि से पहले करवा लें. इससे उपज में हानि होने की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकेगी. राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है. किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक 30 हजार 942 करोड़ 34 लाख रुपए का भुगतान प्रभावित किसानों को किया गया है.

### सीएम ने झाबुआ के किसानों से ऑनलाइन चर्चा की

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को झाबुआ में बलराम कृषि महोत्सव के तहत ऑनलाइन किसानों से चर्चा की. उन्होने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है.

उल्लेखनीय है कि कृषक कल्याण वर्ष के तहत प्रदेश में बलराम कृषि महोत्सव-2026 मनाया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से इसकी शुरूआत की थी. अगला बलराम कृषि महोत्सव 21 जुलाई को आलीराजपुर में, 23 जुलाई को बड़वानी, 25 जुलाई को खरगौन में, 27 जुलाई को बुरहानपुर में और 30 जुलाई को खंडवा में आयोजित किया जायेगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है.

#### 13 नवंबर तक होंगे आयोजन

कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, एमएसएमई, राजस्व, ऊर्जा सहित 16 विभागों को एक मंच पर लाकर किसानों के समग्र विकास का अभियान है. किसानों की आय बढ़ाने के लिये रोडमैप तैयार किया गया है. यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण, विपणन और रोजगार से जोड़ने का व्यापक अभियान है. प्रदेश के सभी जिलों में आगामी 13 नवंबर तक अनेक आयोजन होंगे और खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जायेंगी.

### रेलवे रियायती यात्रा सुविधा बहाल की जाए

**भोपाल.** राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा ने सीनियर सिटीजनों को रेल टिकट पर छूट देने की सुविधा बहाल करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि सीनियर सिटीजन रेल से यात्रा करने पर 55 वर्ष के अधिक उम्र की महिलाओं को रेलवे टिकट पर 50 प्रतिशत की रियायत एवं 60 वर्ष से अधिक पुरुषों को रेल से यात्रा करने पर रेल टिकट पर 40 प्रतिशत की छूट रियायत दी जाती थी. उक्त सुविधा को कोरोना काल के समय बंद कर दिया गया था और यह कहा गया था कि इसे बाद में पुन: चालू कर दिया जाएगा. करोना काल समाप्त हो जाने के चार साल बाद भी इसे बहाल नहीं किया गया.

# जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी कांग्रेस

## विधायक दल की बैठक में बनाई रणनीति

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई. मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई तथा प्रदेश के जनहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों को सदन में पूरी मजबूती के साथ उठाने का निर्णय लिया गया.**

बैठक में किसानों की समस्याओं, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक जॉब कैलेंडर जारी करने की मांग, युवाओं के रोजगार एवं भर्ती परीक्षाओं में व्यापक सिस्टम सुधार, समान नागरिक संहिता आदिवासियों एवं दलितों के अधिकारों, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, केन-बेतवा परियोजना से जुड़े मुद्दों तथा प्रदेश में सामने आए घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि विधानसभा सत्र के दौरान इन सभी मुद्दों को तथ्यों और प्रमाणों के साथ प्रभावी ढंग से सदन में उठाया जाएगा तथा सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल जनता के हितों और प्रदेश के हर वर्ग की आवाज को पूरी मजबूती से विधानसभा में उठाएगा.





# यूसीसी सशक्त समाज की दिशा में ऐतिहासिक कदम : खंडेलवाल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंत्रिपरिषद द्वारा समान नागरिक संहिता यूसीसी विधेयक को मंजूरी दिए जाने पर मप्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया है.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यूसीसी समानता, न्याय और सशक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. यूसीसी लागू होने पर मध्यप्रदेश में प्रत्येक नागरिक के लिए समान अधिकार व समान अवसर मिलने की परिकल्पना साकार होगी. इससे महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ उनके हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करेगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार जनजातीय समाज की परंपराओं को सहेजने के लिए इस समाज को यूसीसी से मुक्त रखने का सराहनीय निर्णय लिया गया है.



खंडेलवाल ने कहा कि मप्र में समान नागरिक संहिता को लागू करना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है, यह संविधान निर्माताओं की उस भावना को साकार करने का भी प्रयास है, जिसमें देश के प्रत्येक नागरिक के लिए समान अधिकार, समान अवसर तथा समान न्याय की परिकल्पना की गई थी. समान नागरिक संहिता का मूल उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक समान कानूनी व्यवस्था उपलब्ध कराना है.

### श्रमिक नेता प्रवेश मिश्रा पुन: महामंत्री नियुक्त



**भोपाल.** मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री प्रवेश मिश्रा को मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने पुन: प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है. मिश्रा की नियुक्ति से फेडरेशन के कार्यकर्ताओं एवं परिवहन कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है. मिश्रा ने अपनी नियुक्ति पर मध्य प्रदेश इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर वर्मा एवं जनरल काउंसिल के सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया है.

# दतिया उपचुनाव भाजपा सरकार के कामकाज पर जनमत संग्रह : नायक

विशेष संवाददाता

**दतिया.मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने आगामी दतिया विधानसभा उपचुनाव को भाजपा सरकार के कामकाज पर जनमत संग्रह बताते हुए कहा कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के विश्वास और सरकार के प्रदर्शन की परीक्षा है.**

रविवार को दतिया में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुकेश नायक ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में दतिया की जनता ने कांग्रेस को पांच वर्ष का जनादेश दिया था.न्यायालय के आदेश के बाद रिक्त हुई इस सीट पर होने वाले उपचुनाव में मतदाता उसी जनादेश की पुनर्पुष्टि करेंगे और कांग्रेस प्रत्याशी को शेष कार्यकाल पूरा करने का अवसर देंगे. उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा जनता के मूल मुद्दों से पूरी तरह कट चुकी है.प्रदेश में भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अव्यवस्था और नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों का समाधान नहीं हो रहा है.उनका दावा था कि दतिया की जनता उपचुनाव में लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी.

कृषि क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख करते हुए मुकेश नायक ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है.



# शिक्षकों की वरिष्ठता सूची पर असमंजस की स्थिति

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 19 जुलाई. प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षकों की सीनियरिटी यानी वरिष्ठता की नई लिस्ट को लेकर इन दिनों असमंजस की स्थिति बनी हुई है.**

शिक्षक संघ का कहना है कि लिस्ट तैयार करने में अपनाए गए नियमों के कारण सालों से दूरदराज के गांवों में पढ़ा रहे कई सीनियर शिक्षक अपने ही जूनियर साथियों से पीछे हो गए हैं.इस तकनीकी विसंगति को दूर करने के लिए शिक्षकों ने विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर नियमों में सुधार की मांग की है.

### प्रथम नियुक्ति की तारीख को आधार बनाने की मांग

शिक्षक संघ का कहना है कि सभी शिक्षकों का संविलियन अब राज्य शिक्षा सेवा के तहत सरकारी कर्मचारियों के रूप में हो चुका है.ऐसे में उनकी सीनियरिटी किसी स्थानीय निकाय के बजाय राज्य स्तर से तय होनी चाहिए.शिक्षकों की मांग है कि वरिष्ठता का पैमाना ट्रांसफर या संविलियन की तारीख को न मानकर, उनकी पहली नौकरी जॉइन करने यानी प्रथम नियुक्ति की तारीख को माना जाए.

### 22 जुलाई से तीन दिन की रेफरी वर्कशॉप आयोजित

**भोपाल.** भोपाल में इस साल की फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 16 अगस्त से शुरू होगी. इसके लिए क्लबों के पंजीयन की प्रक्रिया 30 जुलाई तक चलेगी. यह फैसला शनिवार को केडीपीएस स्कूल में हुई जिला फुटबॉल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में लिया गया. जिले के पंजीकृत फुटबॉल क्लबों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने आगामी सत्र की प्रतियोगिताओं और खेल गतिविधियों पर चर्चा की.

**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई – 400088
संपर्क विवरण: टेलीफ़ोन: 91–22–42372428 एवं मो.– 8356962900
ईमेल : distanceeducation@iipsindia.ac.in वेबसाइट : www.iipsindia.ac.in

**दूरस्थ कार्यक्रम के लिए प्रवेश घोषणा – शैक्षिणक सत्र जुलाई–अगस्त, 2026–27**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन वर्ष 1956 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन, शेक्षणिक सत्र **जुलाई–अगस्त 2026–27** के लिए जनसंख्या अध्ययन में एम.ए. (दूरस्थ शिक्षण माध्यम) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
**ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2026 अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.iipsindia.ac.in पर जाएँ**

निदेशक और वरिष्ठ प्रोफेसर, आईआईपीएस



# नशामुक्ति अभियान से 8 .30 लाख से अधिक लोग जुड़े

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 जुलाई. मप्र पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित राज्यव्यापी नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' को लगातार व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है.**

अभियान के चौथे दिन प्रदेशभर में आयोजित 1,300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 8.30 लाख से अधिक नागरिकों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया गया. अभियान के तहत विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों को विशेष रूप से जागरूक किया गया. रैलियां, मैराथन, साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान, लघु फिल्म प्रदर्शन, हस्ताक्षर अभियान और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया. सामाजिक न्याय एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए उपलब्ध परामर्श और पुनर्वास सुविधाओं की जानकारी भी दी गई.

# संविधान संवाद में छात्रों की समस्याओं पर गरजे कन्हैया

विशेष संवाददाता

**भोपाल,19 जुलाई. कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समीप स्थित सिंधु भवन में आयोजित 'संविधान संवाद' कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया. छात्रों ने शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी.**

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा के निजीकरण, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, नीट पेपर लीक विवाद, बढ़ती फीस, छात्र राजनीति और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे विषयों पर चिंता व्यक्त की.छात्रों ने कहा कि लगातार सामने आ रही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों, महंगी होती उच्च शिक्षा और भविष्य की अनिश्चितता से युवाओं में निराशा बढ़ रही है. कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षाओं में पारदर्शिता और युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की बात करते रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि आज छात्र पेपर लीक, शिक्षा के निजीकरण, बढ़ती फीस और बेरोजगारी जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. उन्होंने युवाओं से संविधान के मूल्यों और शिक्षा के अधिकार की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया.




**शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल**

लड़कियों हेतु रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश

**10 वीं एवं 12 वीं के पश्चात क्या करें ?**

- 10वीं के आधार पर डिप्लोमा प्रथम वर्ष मे CLC से ऑन-द-स्पॉट एडमिशन प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को
- 12वीं /ITI के आधार पर डिप्लोमा द्वितीय वर्ष मे प्रवेश हेतु रजिस्ट्रैशन दिनांक 26/07/2026 तक
- इन-कैम्पस हॉस्टल सुविधा | ट्यूशन फीस रु 7500/- प्रतिवर्ष
- योग्य छात्राओं को AICTE की विभिन्न योजनान्तर्गत छात्रवृत्तियाँ :-
- प्रगति/सक्षम/स्वनाथ छात्रवृत्ति (राशि रु 50,000/प्रतिवर्ष) एवं यशस्वी छात्रवृत्ति (राशि रु 30,000/प्रतिवर्ष)
- मध्य प्रदेश शासन की ST/SC/OBC की छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध
- मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में प्रवेशित छात्राओं को CPCT परीक्षा हेतु निशुल्क प्रशिक्षण

अंतिम कुछ दिन शेष



आज ही सम्पर्क करें।

उपलब्ध कोर्सेस एवं सम्पर्क सूत्र:
1. आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाइन (Arld) 9826649225, 9752333909
2. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ( CSE ) 9425008477, 9826489370
3. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनीकेशन इंजीनियरिंग ( ETE ) (IOT Based Project) 9826460982, 9617564231
4. फैशन टेक्नॉलाजी ( FT ) 9826523856, 9424411201
5. मार्डन आफिस मैनेजमेन्ट ( MOM ) 9826265705, 9827260600

अपने पसंद के कोर्स में एडमिशन के लिए ऊपर दिये नंबरों पर आज ही संपर्क करें या महाविद्यालय में विजिट करें।
G15895/26

# भाजयुमो के 15 जिलाध्यक्ष और महामंत्री नियुक्त

**भोपाल.**भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से 15 जिलाध्यक्षों और महामंत्रियों की नियुक्तियां की हैं. सागर ग्रामीण जिलाध्यक्ष आयुष पांडे, हरदा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, सीधी जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, टीकमगढ़ जिलाध्यक्ष संकल्प जैन, खरगोन जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल, जबलपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, बैतूल जिलाध्यक्ष विक्रम वैद्य, झाबुआ जिलाध्यक्ष प्रकाश परमार, ग्वालियर नगर जिलाध्यक्ष शिवम राजावत, महामंत्री गौरव मिश्रा, रतलाम जिलाध्यक्ष अनुकूल सोनी, महामंत्री कृष्णा डिंडोर, बड़वानी जिलाध्यक्ष निशांत पवार, महामंत्री शिवम मिश्रा, शहडोल जिलाध्यक्ष प्रियम त्रिपाटी, महामंत्री नितिन राणा, सीहोर जिलाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, महामंत्री हर्षित मेवाड़ा, खंडवा जिलाध्यक्ष सागर अरतानी, महामंत्री शुभम पटेल और उज्जैन नगर जिलाध्यक्ष नितिन सेन को घोषित किया.

**कार्यालय संभागीय उपायुक्त वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग-1**
वाणिज्यिक कर भवन प्लॉट नं. 19, अरेरा हिल्स, भोपाल
दूरभाष :- 0755-2421901
ई-मेल: dc.bpl1@mptax.mp.gov.in
क्रमांक : वाक/उपा-1/स्टोर/2026/1172 भोपाल, दिनांक- 16.07.2026

**निविदा सूचना (विज्ञप्ति)**

कार्यालय संभागीय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग-1 में संधारित विनिष्टीकरण योग्य अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों के निवर्तन/विक्रय हेतु पंजीकृत फर्मों/खरीददारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.
इच्छुक निविदाकर्ता इस हेतु अपनी क्रय दरें (प्रति किलो के अनुसार/दस्तावेज की प्रकृति अनुसार) सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं:
1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2026 को शाम 5.00 बजे तक.
2. निविदा खोलने की तिथि 29.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे.
3. ईएमडी राशि रुपये 5000/- (रुपये पांच हजार मात्र)
निर्धारित समयावधि के बाद निविदाएं स्वीकार नही की जायेंगी. निविदाकार समस्त आवश्यक विधिक दस्तावेजों के साथ ही अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं.
निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय राज्य कर भवन के सूचना पटल पर चस्पा की जायेंगी, जिसे इच्छुक निविदाकर्ता कार्यालयीन कार्य दिवस में उपस्थित होकर स्टार कक्ष क्रमांक 8 से प्राप्त कर सकते हैं. इस संबंध में किये जाने वाले समस्त कार्यों का नियंत्रण और पर्यवेक्षण रिकार्ड विनिष्टीकरण समिति द्वारा किया जायेगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा.

संभागीय उपायुक्त
वाणिज्यिक कर भोपाल संभाग-1
G15906/26

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)**
NEW BUS STAND SEHORE 466001 (M.P.)
Mail I.D.: eephseh@nic.in Fax-No. : 07562-224092 Telephone No:-07562-224092
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/ नि.प्र./ खण्ड सीहोर / लोस्वायाँवि/2026 सीहोर, दिनांक 16.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु.मे) | धरोहर राशि (रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED_52 1721_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के 143 ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित संधारण, निरीक्षण, रख-रखाव, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल के नमूने एकत्र करना तथा संबंधित कार्य माइनर स्पेयर्स पार्ट्स, वाहन एवं श्रमिक सहित. | 1977052.00 | 39541.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_52 1712_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के 296 ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित संधारण, निरीक्षण,रख-रखाव, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल के नमूने एकत्र करना तथा संबंधित कार्य माइनर स्पेयर्स पार्ट्स, वाहन एवं श्रमिक सहित. | 3951222.00 | 50000.00 | 5000.00 | 365 दिवस |
| 2026_PHED_52 1727_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर, आष्टा, बुदनी एवं भैरूंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों एवं नलजल प्रदाय योजनाओं के नियमित निरीक्षण कार्य हेतु 04 नग जीप एवं समकक्ष निरीक्षण वाहन प्रदाय करने का कार्य. | 1236000.00 | 24720.00 | 2000.00 | 365 दिवस |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 29.07.2026, 05.30 PM |
| 02 | बिड ओपनिंग दिनांक | 30.07.2026, 05.30 PM |

G15892/26
कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर (म.प्र.)